# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

परीक्षा भवन–सह–क्षेत्रीय कार्यालय, सारण प्रमण्डल (छपरा)

(कार्यालय पता–विशेश्वर सेमिनरी +2 विद्यालय परिसर, छपरा–841301)

Ph.: 06152 245030
E-mail: bsebsaran@gmail.com


पत्रांक– SRN/ 330/2026 दिनांक– 22 जून, 2026

प्रेषक,

उप सचिव,
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,
क्षेत्रीय कार्यालय, सारण।

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी
सारण / सीवान / गोपालगंज।

विषय:– बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता–2026 में विद्यालय एवं विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के संबंध में।

प्रसंग– समिति पत्रांक– BSEB/DS/CROSS/23/2026 दिनांक– 11.06.2026
एवं पत्रांक– BSEB/DS/CROSS/24/2026 दिनांक– 16.06.2026

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक संबंध में कहना है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति राज्य के सभी सरकारी / बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 09 से 12 वीं में पढ़ रहे विद्यार्थियों के बौद्धिक क्षमता एवं भाषायी ज्ञान को विकसित करने के उद्देश्य से BSEB CROSSWORD प्रतियोगिता–2026 का आयोजन दिनांक 22.06.2026 से 30.07.2026 तक किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि BSEB CROSSWORD प्रतियोगिता एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन युक्त खेल है। हाल के दिनों में विशेष रूप से स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों में इस खेल के प्रति अभिरूचि रही हैं। इस प्रतियोगिता के संबंध में समिति के ज्ञापांक– BSEB/DS/CROSS/24/2026 दिनांक 16.06.2026 के माध्यम से आपको भी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गयी है।

अतः अनुरोध है कि अपने जिला अन्तर्गत कक्षा 09 से 12 वीं के सभी विद्यालयों मे इस प्रतियोगिता हेतु एक प्रभारी शिक्षक को नामित किया जाय, ताकि इनके माध्यम से विद्यालयों एवं विद्यार्थियों की अधिकतम प्रतिभागिता इस प्रतियोगिता में सुनिश्चित किया जा सके। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विद्यार्थियों का पंजीयन (दिनांक– 25.06.2026 से 05.07.2026 तक) ससमय कराया जाना आवश्यक है। इसके लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना है। अपने जिला अन्तर्गत कक्षा 09 से 12 वीं के सभी विद्यालयों को VC माध्यम, Whatsapp Group माध्यम सहित अन्य प्रकार से भी अवगत करायेंगे। इस प्रतियोगिता हेतु जिला स्तर पर सभी माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय से संबंधित Whatsapp Group में हमारे कार्यालय के नामित कर्मी के मो0 न0– 9934782800 को जोड़ दिया जाय ताकि वस्तुस्थिति से सभी को अवगत कराया जा सके। प्रचार–प्रसार हेतु पोस्टर बैनर शीघ्र ही आपको उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अनुलग्नक–यथोक्त

विश्वासभाजन

22/06/2026

उप सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,
क्षेत्रीय कार्यालय, सारण।

22/06/2026

ज्ञापांक 781 गोपालगंज,दिनांक 23.06.26 /

प्रतिलिपिः– सभी प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेशानुसार प्रतियोगिता संचालन हेतु एक प्रभारी शिक्षक को नामित करते हुए प्रतियोगिता में अधिकतम विद्यार्थियों को ऑन लाइन पंजीयन करने एवं भाग लेने हेतु प्रेरित करेंगे।

23/6/26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज
23/6/26



Scanned with OKEN Scanner

पत्रांक BSEB/DS/Cross/24/2026 (7)

प्रेषक,

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

सचिव,
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 16/06/2026

विषय :- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता 2026 में विद्यालय एवं विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि क्रॉसवर्ड एक ऐसी विद्या है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपनी बौद्धिक क्षमता एवं भाषायी ज्ञान को खेल-खेल में विकसित कर सकते हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य के सरकारी एवं सम्बद्ध विद्यालयों के वर्ग- 09 से वर्ग-12 तक के विद्यार्थियों के लिए क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

2. यह प्रतियोगिता दो स्तरों में आयोजित की जाएगी। प्रथम स्तर जिला स्तरीय होगा, जिसमें ऐप एवं वेबसाईट के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिला स्तर पर प्रत्येक दिन ऐप/वेबसाईट पर एक क्रॉसवर्ड पज़ल (पहेली) हल करने हेतु प्रतिभागियों को दिए जाएगें और जिला स्तर पर प्रथम तीन स्थान हेतु चयनित प्रतिभागियों को आपके माध्यम से पुरस्कृत किया जायेगा। प्रत्येक जिला में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी, जो एक टीम के रूप में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे, के मध्य राज्य स्तर पर ऑफलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

3. BSEB Crossword प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रक्रिया-

3.1 बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्ध एवं राज्य के सभी सरकारी विद्यालय के वर्ग-9 से वर्ग 12 तक के विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु योग्य होगें।

3.2 क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थी वेबसाईट b3c.biharboardonline.com पर जाकर अथवा Google Play Store से BSEB Crossword App Download करेंगे। वेबसाईट पर क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता से संबंधित APK file भी रहेगा, जिसके माध्यम से भी App डाउनलोड किया जा सकता है।

3.3 BSEB Crossword App Download करने के बाद विद्यार्थी App या वेबसाईट पर अपना रजिस्ट्रेशन करेंगे। सिर्फ रजिस्ट्रेशन किए हुए विद्यार्थी ही क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

3.4 जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु निर्धारित अवधि में प्रत्येक दिन अपराह्न 04:00 बजे BSEB Crossword App पर एवं उक्त वेबसाईट के माध्यम से विद्यार्थियों को एक पहेली (Crossword Puzzle) दी जायेगी, जो अगले दिन अपराह्न 04:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस पहेली को न्यूनतम समय में सही-सही हल करने वाले विद्यार्थी को अधिकतम अंक प्राप्त होंगे और इसके बाद सही-सही हल करने वाले विद्यार्थियों को घटते क्रम में अंक प्रदान किया जाएगा।

3.5 पहेली का हल Submit करने के पश्चात् विद्यार्थी अपना प्राप्तांक और रैंक ऐप/वेबसाईट पर देख सकेंगे।

Scanned with OKEN Scanner

4. प्रतियोगिता की महत्वपूर्ण तिथियाँ :–

| क्र०सं० | प्रतियोगिता के चरण | प्रस्तावित तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | **कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार**– समाचार पत्रों में विज्ञापन का प्रकाशन, रेडियो, जिंगल, दूरदर्शन इत्यादि के माध्यम से | दिनांक– 22 जून से 28 जून 2026 तक |
| 2 | सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) | दिनांक– 25 जून 2026 से 05 जुलाई 2026 तक |
| 3 | ऑनलाईन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता हेतु अभ्यास सत्र (नॉन स्कोरिंग) | दिनांक– 06 जुलाई 2026 से 09 जुलाई 2026 तक |
| 4 | ऑनलाईन स्कोरिंग राउंड (पोर्टल पर) (प्रत्येक दिन एक Puzzle) | दिनांक– 10 जुलाई 2026 से 26 जुलाई 2026 तक |
| 5 | ऑनलाईन स्कोरिंग राउंड के परिणाम (result) तैयार करना एवं उसका प्रकाशन | दिनांक– 27 जुलाई 2026 की संध्या 05 बजे तक |
| 6 | जिलास्तर पर प्रथम तीन (03) स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाना (जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा) | दिनांक– 27 जुलाई 2026 से 28 जुलाई 2026 तक |
| 7 | राज्यस्तरीय ऑफलाईन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता (समिति मुख्यालय पटना में) (प्रत्येक जिला से प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी) | दिनांक– 30 जुलाई 2026 |

5. आपके जिले में उक्त प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू0 8000, रू0 6000 एवं रू0 4000 का पुरस्कार, एक–एक बैग, मेडल तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। उक्त पुरस्कार आपके द्वारा विजेताओं को प्रदान किए जाऐंगे। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप दी जाने वाली राशि एवं बैग (विवरणी संलग्न) समिति द्वारा दिनांक– 25.07.2026 तक आपको उपलब्ध करा दी जाएगी, जबकि विजेताओं का सर्टिफिकेट बाद मे विशेष दूत के माध्यम से आपके कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाएगी।

6. उपर्युक्त परिपेक्ष्य में इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आपसे निम्नलिखित अपेक्षायें हैं :–

(क) इस प्रतियोगिता की जानकारी सभी विद्यालयों को दी जाए और अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन कराया जाए।

(ख) अपने कार्यालय में किसी वरीय पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी नियुक्त करते हुए सूचित किया जाय।

(ग) सभी विद्यालयों में इस प्रतियोगिता हेतु एक प्रभारी शिक्षक को नामित किया जाय, ताकि उनके माध्यम से विद्यालयों एवं विद्यार्थियों की अधिकतम प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

Scanned with OKEN Scanner

7. इस प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु विशेषज्ञ संस्था एक्सट्रा–सी. का सहयोग लिया जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु या पंजीयन या पोर्टल संबंधी किसी समस्या के लिए मो0 नं0– 9097132346 एवं 7488121496 से सम्पर्क किया जा सकता है।

8. उल्लेखनीय है कि दिनांक– 30.07.2025 को समिति मुख्यालय पटना में प्रत्येक जिला में प्रथम दो स्थान पाने वाले प्रतिभागियों के बीच राज्यस्तरीय ऑफलाईन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित है। आप अपने जिले के प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अचूक रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

9. अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–
सचिव,
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक BSEB/DS/Cross/24/2026 पटना, दिनांक 16/06/2026

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय नोडल पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/सभी उप सचिव/सहायक सचिव/प्रभारी पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेश है कि अपने प्रमंडल के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इस प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपिः– संयुक्त सचिव (स्थापना) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– वित्त पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

Scanned with OKEN Scanner

(4)

पत्रांक BSEB/DS/Cross/23/2026

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

प्रेषक,

सचिव,
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

परीक्षा नियंत्रक (मा0)
परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)
परीक्षा नियंत्रक (विविध)
निदेशक (शैक्षणिक)
मुख्य निगरानी पदाधिकारी
निदेशक (आई0टी0)
सभी अपर सचिव
सभी संयुक्त सचिव
सभी उप सचिव
वित्त पदाधिकारी
सभी प्रशासनिक पदाधिकारी
सभी निगरानी पदाधिकारी
जन संपर्क पदाधिकारी
सभी सहायक सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

पटना, दिनांक 11 / 06 / 2026

विषय :– क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता 2026 के आयोजन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता एक अत्यंत ज्ञानबर्धक एवं मनोरंजनयुक्त खेल है। हाल के दिनों में विशेष रूप से स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों में इस खेल के प्रति अभिरूचि बढ़ी है। क्रॉसवर्ड खेलने से विद्यार्थियों में –

- अंग्रेजी भाषा की व्यवहारिक शब्दावली का निर्माण एवं विकास में मदद मिलती है।
- तार्किकता एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास होता है।
- स्मरण क्षमता एवं आत्मबल में वृद्धि होती है।

2. उक्त विशेषताओं को देखते हुए समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि बिहार बोर्ड से सबद्ध विद्यालयों/सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के बीच प्रत्येक वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाय। उक्त निर्णय के आलोक में समिति द्वारा वर्ष 2020–2021 से बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों/सरकारी विद्यालयों में क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है।

3. उक्त आलोक में इस वर्ष दिनांक– 22.06.2026 से 30.07.2026 तक बोर्ड से संबद्ध राज्य के विद्यालयों/सरकारी विद्यालयों में क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो स्तरो पर खेली जायेगी, जिसमें प्रथम जिला स्तरीय होगा जो ऑनलाईन के माध्यम से खेला जायेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं के बीच द्वितीय स्तर पर राज्य मुख्यालय में प्रतियोगिता का अंतिम चरण (Final) ऑफलाईन मोड में होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक जिला में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की एक टीम बनेगी

Scanned with OKEN Scanner

जो अपने जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे अर्थात राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक जिला से एक टीम (दो सदस्य) कुल 38 टीम (38x2=76 प्रतिभागी) भाग लेगी।

4. इस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु निर्धारित तिथियों को विभिन्न स्तर पर निस्पादित किये जाने वाले कार्य एवं उस हेतु जिम्मेवार पदाधिकारी/शाखा की विवरणी निम्नवत् है –

| क्र० सं० | विभिन्न स्तर से की जाने वाली कार्रवाई | प्रस्तावित तिथियाँ | जिम्मेवारी |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार – समाचार पत्र, बैनर, रेडियो, जिंगल, दूरदर्शन इत्यादि के माध्यम से | दिनांक– 22 जून से 28 जून 2026 तक | जन सम्पर्क पदाधिकारी (PRO)/ सभी सहायक/ उप सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय |
| 2 | प्रचार–प्रसार एवं अपने–अपने आवंटित प्रमंडलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं का पंजीयन कराने में सहयोग करना। | दिनांक– 25 जून से 05 जुलाई 2026 तक | (i) सभी प्रमंडलीय नोडल पदाधिकारी (ii) सभी उप सचिव/ सहायक सचिव, क्षेत्रीय कार्यालय |
| 3 | क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता 2026 हेतु मोबाईल ऐप (Mobile App) एवं समिति वेबसाईट को अद्यतन (अपडेट) करना ताकि निर्धारित तिथि से छात्र/छात्रा द्वारा निबंधन (रजिस्ट्रेशन) किये जाने हेतु वह तैयार रह सके। | दिनांक– 25 जून के पूर्व (24 जून 2026 तक) | निदेशक (आई०टी०) |
| 4 | क्षेत्र स्तर पर सरकारी विद्यालय में कक्षा 09 से 12 के अध्ययनरत छात्र/छात्रा द्वारा समिति के मोबाईल ऐप या वेबसाईट पर अपना पंजीयन (Registration) करना। सिर्फ पंजीकृत छात्र ही क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। | दिनांक– 25 जून से 05 जुलाई 2026 तक | प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य सरकारी माध्यमिक /उच्च माध्यमिक विद्यालय |
| 5 | जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्राचार्य द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम छात्र/छात्रा द्वारा निबंधन कराया जाय! इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी स्तर से निदेश जारी किया जाना। | दिनांक– 24 जून 2026 तक | जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य सरकारी माध्यमिक /उच्च माध्यमिक विद्यालय |
| 6 | क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता हेतु अभ्यास सत्र (Non Scoring) के लिए Puzzle set का निर्माण एवं उसे निर्धारित अवधि के प्रत्येक दिन एवं समय पर अपलोड करना। | दिनांक– 06 जुलाई से 09 जुलाई 2026 तक | Extra-C, निदेशक (आई०टी०) द्वारा चयनित सहयोगी एजेंसी/कर्मी |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | ऑनलाईन जिलास्तरीय क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता (स्कोरिंग) के लिए प्रत्येक दिन Puzzle set का निर्माण एवं उसे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपलोड करना एवं परीक्षाफल प्रकाशित करना। | दिनांक– 10 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक | Extra-C, निदेशक (आई0टी0) द्वारा चयनित सहयोगी एजेंसी/कर्मी |
| 8 | जिलास्तरीय प्रतियोगिता का परीक्षाफल तैयार करना एवं विद्यार्थियों के लिए अपलोड करना। | दिनांक– 27 जुलाई 2026 की संध्या 05 बजे तक | सहयोगी एजेंसी |
| 9 | जिलास्तर पर प्रथम तीन स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पारितोषिक वितरण। (नगद राशि + बैक बैग) | दिनांक– 27 जुलाई से 28 जुलाई 2026 तक | जिला शिक्षा पदाधिकारी |
| 10 | क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता से संबंधित जिलास्तर एवं राज्यस्तर पर होने वाले व्यय के लिए स्वीकृत नगद राशि का संबंधित के बैंक खाते में हस्तानांतरण। | दिनांक– 26 जुलाई 2026 तक | वित्त पदाधिकारी |
| 11 | पारितोषिक वितरण हेतु पारितोषिक (बैग+मोमेंटो+क्रॉसवर्ड की पुस्तकें) क्रय एवं विजेताओं को दिये जाने वाले प्रमाण–पत्र का मुद्रण। | दिनांक– 27 जुलाई 2026 तक | वरीय प्रभारी पदाधिकारी, भंडार |
| 12 | राज्यस्तरीय ऑफलाईन क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता का आयोजन समिति मुख्यालय में निर्धारित स्थल पर किया जाना।<br>• आयोजन समारोह में प्रत्येक जिला से चयनित 02 विजेता कुल 38x2=76 छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कराना।<br>• नेटवर्क एवं आवश्यक तकनीकी सहयोग।<br>• आयोजन स्थल का साज–सज्जा एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई।<br>• जलपान संबंधी व्यवस्था। | दिनांक– 29 या 30 जुलाई 2026 | निदेशक (आई0टी0) /नोडल पदाधिकारी/संयुक्त सचिव (स्थापना) /वरीय प्रभारी पदाधिकारी, भंडार/प्रभारी पदाधिकारी, अवधायक, Extra-C एवं Technical Support Agency (सचिव महोदय के मार्गदर्शन में) |

5. क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता 2026 के आयोजन हेतु श्री राकेश कुमार सिन्हा, उप सचिव को नोडल पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

6. उक्त आलोक में संबंधित पदाधिकारियों से अनुरोध है कि क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता 2026 के सफल आयोजन के लिए तालिका में अंकित कार्यों को निर्धारित तिथि/अवधि में पूर्ण कराने हेतु आवश्यक तैयारी करा ली जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–
**सचिव**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक BSEB/DS/Cross/23/2026 पटना, दिनांक 11/06/2026.

प्रतिलिपिः– सभी उप सचिव/सहायक सचिव/प्रभारी पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए निदेश है कि अपने प्रमंडल के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इस प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपिः– अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

Scanned with OKEN Scanner